Bareilly, Sunday,
11 May 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext



# एसआरएमएस में हुआ पैरा एक्सपो का आयोजन




**BAREILLY (10 May):** एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में शनिवार को विभिन्न पैरामेडिकल विषयों पर वर्किंग मॉडल प्रदर्शनी 'पैरा एक्सपो 2025' का आयोजन हुआ. इसमें सर्वश्रेष्ठ कार्यशील मॉडल का पुरस्कार बीपीटी बैच 2022 को मिला. इस दौरान संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने छात्रों द्वारा डिजाइन विज्ञान कला गैलरी का उद्घाटन किया. छात्रों के बीच रचनात्मकता, सैद्धांतिक ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग और अंत:विषय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित 'पैरा एक्सपो 2025' में फिजिकल मॉडल, डायग्नोस्टिक टूल्स और रिहैबिलिटेशन एड्स सहित विविध प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किए गए. ये मॉडल फिजियोथेरेपी, रेडियोलॉजी, मेडिकल लेबोरेटरी साइंसेज, ऑप्टोमेट्री और ऑपरेशन थिएटर तकनीक जैसे विषयों के छात्रों द्वारा विकसित किए गए थे, जो संस्थान के अंत:विषय दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं. प्रदर्शनी में ऐसी परियोजनाएं प्रदर्शित की गई हैं.